# प्रबोध पुस्तकालय: प्रश्न-पत्र

**नाम:** **कक्षा:**

---

**<u>आवश्यक सूचना:</u>**

1) सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य हैं।
2) प्रश्नों के उत्तर किसी भी क्रम में दिए जा सकते हैं।
3) उत्तर पुस्तिका पर प्रश्न लिखने की आवश्यकता नहीं है।
4) कोई प्रश्न समझ न आए तो स्पष्टीकरण अवश्य माँगे।

**<u>प्रश्न</u>**

1. आपके पढ़ाई करने के पीछे क्या उद्देश्य है? क्या उस उद्देश्य की प्राप्ति के बाद आप पढ़ना और सीखना छोड़ देंगे?
2. आपके आदर्श महापुरुष कौन हैं? कम-से-कम तीन नाम लिखें। आज आप उनकी संगति में किस माध्यम से रह सकते हैं?
3. स्वयं में सुधार का सबसे प्रभावी तरीका क्या है?
4. आपको दिन में कुछ फ्री समय मिलता है। उस समय में आप क्या करेंगे?
   a. कुछ नहीं, फ्री समय तो मिलता ही है कुछ न करने के लिए।
   b. दोस्तों के साथ रोज जैसीं गप्पबाजी करेंगे, या फ़ोन या टीवी में कुछ भी देखेंगे, उसमें कोई कम मज़ा थोड़ी ही है।
   c. सो जाएँगे मस्त।
   d. कोई अच्छी किताबें पढ़ेंगे, या नया कुछ सीखेंगे, या सहपाठी या छोटे बच्चों को पढ़ाएँगे या कोई खेल खेलेंगे।
5. बिन्नी नाम की एक लड़की की पढ़ाई ठीक नहीं चल रही है। उसको सिर में दर्द रहता है, थोड़ी देर पढ़ने पर आँखों में भी दर्द शुरु हो जाता है। उसे पढ़ा हुआ याद भी नहीं रहता। इसका क्या कारण हो सकता है?
   a. भगवान ने उसे ऐसा ही बनाया है।
   b. वो लड़की है, तो वो कमजोर तो होगी ही। उसे तो पराए घर जाना है, वो पढ़ाई कर ही क्यों रही है?
   c. उसने अपने खानपान और शारीरिक व्यायाम पर ज़रूरी ध्यान नहीं दिया, इसलिए।
   d. सब पढ़ने लगेंगे तो चूल्हा-चौका कौन करेगा, कोई तो चाहिए बिना पढ़ा लिखा।
6. रोहन दसवीं कक्षा तक पढ़ाई में, खेल में और अन्य कलाओं में बहुत अच्छा था। बारहवीं में आकर अब वो न तो पढ़ाई करता है, न खेलता है और न किसी कला का अभ्यास करता है। रोहन में आए इस बदलाव का कारण क्या हो सकता है? (एक से ज़्यादा उत्तर सही हो सकते, सारे सही उत्तर चुने)
   a. समय के साथ सब बदल जाता है, रोहन भी बदल गया, इसमें आश्चर्य की क्या बात है।
   b. रोहन ने अच्छी किताबों की संगति छोड़कर आसपास के उल्टे-पुल्टे लोगों की संगति पकड़ ली है
   c. रोहन ने मोबाइल पर किसी इन्फ़्लूएंसर या किसी सेलिब्रिटी को अपना रोल मॉडल बना लिया है जो कहता है कि जीवन में पढ़ने-लिखने, सीखने की कोई ज़रूरत नहीं।
   d. सारा माहौल ही ऐसा है, रोहन क्या ही कर सकता था।
7. सही शिक्षा में क्या-क्या शामिल होता है?
   a. सिर्फ़ गणित, विज्ञान, कला, भाषा, इतिहास, भूगोल आदि का ज्ञान (मतलब बाहरी संसार का ज्ञान)
   b. भगवान और चमत्कारिक कहानियों की बातों का ज्ञान
   c. सिर्फ़ ये जानना कि मन क्या है, मन चाहता क्या है, क्यों मन को कुछ अच्छा, कुछ बुरा लगता है आदि (मतलब भीतरी संसार का ज्ञान)
   d. बाहरी संसार और भीतरी संसार दोनों की समझ
8. एक लड़के और एक लड़की के जीवन का उद्देश्य क्या है?
   a. दोनों का एक ही उद्देश्य है - दिमाग ज़्यादा न लगाना, जो आसपास के लोग कर रहे हैं, आँख बंद कर वही करते रहना।
   b. लड़के का है बाहर निकलकर पैसे-वैसे कमाना, लड़की का है घूँघट ओढ़कर घर के भीतर रहना।
   c. लड़के का है जीवनभर सीखते रहना, समझते रहना, बेहतर होने रहना; और लड़की का भी है जीवनभर सीखना, समझना, बेहतर होते रहना। दोनों के उद्देश्य में कोई अंतर नहीं है।
   d. दोनों के जीवन का कोई उद्देश्य नहीं है, इसलिए छोड़ो ये परीक्षा-वरीक्षा।
9. आज मोहित बहुत परेशान है क्योंकि उसका पेपर बहुत बुरा हुआ है। परीक्षा में सवाल हल न कर वाले का क्या कारण हो सकता है?
   a. प्रश्न ही इतने कठिन थे, कैसे कर लेता हल।
   b. प्रश्न कठिन कभी नहीं होते, तैयारी लचर होती है। निश्चित रूप से मोहित की तैयारी में कमी रही होगी।
   c. सबका ही पेपर खराब गया, तो मोहित का भी गया।
   d. सही भी जाता तो कौनसा टॉप कर जाता, इसीलिए टेंशन नहीं लेने का इन छोटी-मोटी बातों का।
10. वास्तव में सुंदर कौन है?
    a. जो समझ पर, ज्ञान पर चलता है/चलती है, सही काम करने हेतु साहसी है और जिसमें सभी जीवों व प्रकृति के प्रति करुणा है।
    b. जो खूब सज-वजकर रहता है/रहती है।
    c. जिसके पास खूब धन-दौलत है।
    d. मैं ही वास्तव में सुंदर हूँ।
11. शोमू को एक लड़की की शक्ल अच्छी लगने लगी है जिसे उसने बस एक बार देखा है, और अब वो पढ़ना-लिखना छोड़ उसी के बारे में सोचता रहता है। इसका क्या कारण है?
    a. उसको उस लड़की से सच्चा वाला प्यार हो गया है (जैसा उसने फ़िल्मों, टीवी या वीडियोज में देखा है)
    b. लड़की की शक्ल नहीं तो क्या लड़के की शक्ल अच्छी लगेगी!
    c. वो लड़की है ही इतनी सुंदर, वो क्या करे!
    d. प्यार-व्यार कुछ नहीं हुआ है, एक उम्र के बाद शरीर में रासायनिक परिवर्तन होने लगने हैं जिससे मन की स्थिति भी बदलने लगती है। उसी कारण उसको लड़की की शक्ल अच्छी लगने लगी है। कुछ साल पहले उसे ये शक्ल देखकर कुछ नहीं लगता।
12. इनमें से कौन निश्चित रूप से बड़ा आदमी है?
    a. जिसके पास खूब सारा पैसा है, गाड़ी, बँगला इत्यादि है।
    b. जिसके पास बहुत राजनैतिक ताकत है।
    c. जिसको सब लोग बड़ा मानते हैं और सम्मान करते हैं।
    d. जो बहुत प्रसिद्ध है - खिलाड़ी, अभिनेता/अभिनेत्री, भविष्य बताने वाले बाबाजी।
    e. पता नहीं, पर इनमें से तो कोई निश्चित रूप से बड़ा आदमी नहीं है।
13. एक आदमी कुत्ता, बिल्ली, गाय, बकरी, भैंस, मुर्गा, चिड़िया आदि को मारता है, काटता है, परेशान करता है, कष्ट पहुँचाता है। इसका कारण क्या है?
    a. वो आदमी भीतर से खुद बहुत परेशान है, दुखी है, और भ्रम में है। वही परेशानी इस रूप में प्रकट हो रही है। उसे भीतरी इलाज की सख्त ज़रूरत है।
    b. आदमी तो आदमी तक को नहीं छोड़ता, जानवरों की इतनी चिंता करने की ज़रूरत नहीं है।
    c. मनुष्य तो समझदार जीव है, वो ऐसा नहीं करता।
    d. जानवरों को कटने में और पिटने में मजा आता है। जानवरों के हित के लिए ही तो वो ऐसा करता है।
14. हलकू जंगल के बीच बसे एक गाँव के एक घर में रहता है। कुछ सालों बाद हलकू के सातों बच्चे बड़े हो गए हैं और उन्होंने बहुत सारा जंगल काटकर वहाँ और नए घर बना लिए हैं, जिससे वहाँ रहने वाले हज़ारों जीव-जंतु मारे जा चुके हैं। हलकू उस जंगल और जीव-जंतुओं को बचाने के लिए क्या कर सकता था?

a. कुछ नहीं, लोगों के रहने के लिए घर तो चाहिए न।
b. वो अपने बच्चों को जंगल में बिना घर के खुले में रहने के कह सकता था।
c. वो दो-चार पेड़ आज लगाके नुकसान की भरपाई कर सकता है।
d. उसे एक (या अधिकतम दो) से ज्यादा बच्चे पैदा ही नहीं करने चाहिए थे (चाहे वो लड़का, लड़की, कुछ ही होते)।
e. जंगल या जीव-जंतुओं का कोई महत्व ही नहीं हैं, वो तो हमारे हाथों काटे और मारे जाने के लिए बने हैं। छोड़ों उनकी फ़िक्र!

15. आज भी अधिकांश दंपत्ति लड़की के बजाय लड़का क्यों चाहते हैं?
    a. लड़कों में कुछ खास होता है जो लड़कियों में नहीं होता।
    b. माँ-बाप का अज्ञान होता है, उनकी नजर में लड़का अपने घर का होता है, और लड़की पराई घर की (जबकि ऐसा बिल्कुल नहीं है)
    c. मरने के बाद चिता को बेटा ही तो अग्नि देगा न, तभी तो मुक्ति मिलेगी न।
    d. क्योंकि कम-से-कम एक लड़का तो होना ही चाहिए।
16. हमारे घरों से जो गाय, भैंस, बकरी, मुर्गा आदि ठेलों में लादकर बेच दिए जाते हैं, उसके बाद उनका क्या होता है?
    a. खरीदने वाला उन्हें बहुत अच्छे से खिलाता पिलाता है, उनका आजीवन ध्यान रखता है।
    b. उन्हें बेहरमी से मार दिया जाता है, और उनके शरीर के टुकड़ों को आगे बेच दिया जाता है।
    c. उन्हें खुले जंगल में स्वतंत्र छोड़ दिया जाता है।
    d. पता नहीं, हमें अब इससे क्या लेना-देना; हमें तो उसके पैसे मिल गए न!
17. बंटू की मम्मी ने उसे एक किताब लाकर दी, पर बंटू उसे फाटकर मुँह में ठूसकर खाने लगा और कहने लगा कि किताब मेरे लिए ही तो है। आप बंटू से क्या कहेंगे?
    a. सही बात है कि किताब तुम्हारे लिए है, पर खाने के लिए नहीं है। तुम उसके साथ बैठकर, उसे पढ़कर उससे बहुत कुछ सीख सकते थे, अपना हित कर सकते थे।
    b. बंटू, बंटू की मम्मी, बंटू की किताब और बंटू का मुँह - मुझे क्या पड़ी है इन चक्करों में उलझने की!
    c. मैं कुछ नहीं कहूँगा, मैं भी किताब फाड़कर खाने लगूँगा।
    d. बगल वाले का टीपकर बताता हूँ
18. एक लड़की का रंग साँवला है और वो दिखने में भी अपनी सहेलियों जितनी ‘अच्छी’ नहीं है। इस कारण वो निराश, परेशान रहती है, अपनेआप को हीन और कमज़ोर मानती है, इसका असर उसकी पढ़ाई-लिखाई, खेल व अन्य कार्यों पर भी पड़ता है। उसकी परेशानी का क्या कारण है?
    a. वो अपने पूर्वजन्मों का फल भोग रही है, इसीलिए इस जन्म में वो साँवली और बदसूरत पैदा हुई।
    b. उसके पास गोरा करने वाली क्रीम नहीं है।
    c. वो परेशान है क्योंकि साँवले और अच्छा न दिखने वाले लोग जीवन में कुछ बड़ा नहीं कर सकते।
    d. परेशान होने जैसी कोई बात ही नहीं है, क्योंकि कोई रंग या कोई शक्ल किसी दूसरे रंग या शक्ल से अच्छी या बुरी होती ही नहीं है। और लोग अगर ऐसा मानते हैं तो वो लोगों की समस्या है, उस लड़की की समस्या नहीं - ये जानकर उसे अपनी ज़िंदगी सही काम में लगानी चाहिए, दूसरों की नज़रों में सुंदर बनने में नहीं, न ही चिंता करने में।
19. मुन्नु दसवीं कक्षा का छात्र है, पर उसका पढ़ाई में ज़रा भी मन नहीं लगता। इसका क्या कारण हो सकता है?
    a. उसके बाप के पास बहुत पैसा है, वो क्या करेगा पढ़कर।
    b. वो पढ़ाई के असली महत्व को नहीं समझता, कि पढ़ाई सिर्फ़ परीक्षा के लिए या नौकरी के लिए नहीं की जाती, सीखने और लगातार सीखते रहने के लिए जीवन भर की जाती है।
    c. पढ़ाई करना सबके वश की बात ही नहीं है।
    d. मेरा तो खुद मन नहीं लगता, मैं क्या बताऊँ!
20. मोहन जो एक डॉक्टर है, वो गंभीर रूप से बीमार एक मरीज के इलाज के लिए रात में ऊबड़-खाबड़ रास्तों से कुछ दूरी पर स्थित उसके घर की ओर पैदल भागा जा रहा है। वो ऐसा क्यों कर रहा है?
    a. क्योंकि उसे इसमें बहुत मज़ा आ रहा है।
    b. उसे कष्ट हो रहा है, पैर छिल रहे हैं, वो थका जा रहा है, पर फिर भी वो दौड़ा जा रहा है क्योंकि इस समय वही सही और ज़रूरी काम है।
    c. ताकि बाद में लोग उसे शाबासी दें, इनाम दें।
    d. वो पागल है, उसे रात में आराम से सोना चाहिए था।
21. आज के समय भारत देश को कैसा युवा, कैसे जवान लड़के-लड़कियों की ज़रूरत है? (एक से ज़्यादा विकल्प सही, सभी सही विकल्प चुनें)
    a. जो इंस्टा पर ऊल-जलूल हरकतें करते हुए रील बना सकें।
    b. जो पढ़ाई-लिखाई छोड़कर वीडियो गेम खेलें।
    c. जो ऑनलाइन जुआ खेलकर खूब पैसे कमाएँ (या पैसे लुटाएँ)
    d. ऐसे लड़के जो लड़कियों के पीछे पड़े हों, और ऐसी लड़कियाँ जो लड़कों के पीछे पड़ीं हों।
    e. जो जानने, सीखने और समझने पर ज़ोर देता हो।
    f. जो बाहरी और भीतरी दोनों तरह की शिक्षाओं को सीखने की कोशिश में लगा हो।
    g. जो अपनी भलाई करने की ज़िम्मेदारी खुद उठाता हो।
    h. जो बहाने न बनाता हो, (ज़रूरी काम करने के लिए) रास्ते निकालता हो।
    i. जो सही संगति में रहता हो।
22. रोहन ने सोच-समझकर कोई सही काम करने के लिए चुना है, पर उसके घरवाले वो काम करने को बोल रहे हैं जो उनका पड़ोसी कर रहा है। ऐसी स्थिति में रोहन को क्या करना चाहिए?
    a. घरवालों की बात न मानना पाप है, पाप!
    b. घरवालों की बात हमेशा सही होती है, इसलिए जो वो कहें वही करना चाहिए।
    c. अपनी बात सदा सही होती है, इसीलिए जो रोहन का मन करे, उसे वही करना चाहिए।
    d. पहले जो काम करने का सोचा है, उसे हर दृष्टि से परखना चाहिए। अगर ठीक हो तो उसे अपने घरवालों को समझाने की अधिकतम कोशिश करनी चाहिए। और तब भी न माने तो उनकी सलाह को स-सम्मान अस्वीकार कर सही काम करना चाहिए।
23. अगर शरीर के स्वास्थ्य के लिए उचित खानपान और व्यायाम आदि ज़रूरी हैं तो मन के स्वास्थ्य के लिए क्या ज़रूरी है?
24. अगर घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है तो आप अपनी पढ़ाई को बिना प्रभावित किए साथ-साथ क्या कर सकते हैं? (एक-दो उदारहण दें)
25. जब किसी ज़रूरी (और सही) काम को करने का आपका मन नहीं करता तो आप क्या करते हैं? कोई उदाहरण देकर बताइए।
26. आज के सत्र और परीक्षा से आपने क्या सीखा, कोई तीन प्रमुख सीखें संक्षेप में बताएँ।
27. एक लड़का परेशान है क्योंकि उसे रोजगार चाहिए जिससे वो आर्थिक रूप से अपने पैरों पर खड़ा हो सके, और एक लड़की परेशान है क्योंकि उसे (शादी के लिए) कोई लड़का पसंद नहीं कर रहा। इन दोनों की परेशानियों में क्या अंतर है?
28. एक लड़का एक लड़की से बात करने में घबराता है, एक लड़की एक लड़के से बात करने में शर्माती है। इसका मूल कारण क्या है?
29. अगर आपको एक ऐसी ताकत मिल जाए जिससे आप दुनिया में कोई भी एक काम कर सकते हैं। तो आप कौनसा काम करेंगे?
30. आपने इतने प्रश्नों के उत्तर दिए, पर अगर आपको कोई प्रश्न पूछना हो तो वो प्रश्न क्या होगा?